# भारत-जापान मंच पर मोदी का भविष्य विजन

## व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में होगा सहयोग

**नई दिल्ली , 03 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए दोनों देशों के मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे आर्थिक रिश्तों पर जोर दिया. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की बात कही.**




मोदी ने भारत-जापान जॉइन्ट इकनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि आपके साथ यहां मंच में उपस्थित होना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है. उन्होंने कहा कि यहां मौजूद कई कंपनियां दशकों से भारत के साथ जुड़ी हुई हैं. कुछ तो एक सदी से भी ज्यादा समय से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा रही हैं. और जो नए साझेदार इस मंच से जुड़ रहे हैं, मैं उन्हें भारत-जापान की इस सफलता की कहानी का हिस्सा बनने पर दिल से बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान का रिश्ता वाकई बहुत खास है.

हमारी आर्थिक साझेदारी की कई शानदार मिसालें हैं. अभी थोड़ी देर पहले हमने हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया. आज सुजुकी की दुनिया भर में बनने वाली करीब दो-तिहाई गाड़ियां भारत में बनती हैं और 100 से ज्यादा देशों में निर्यात होती हैं. संबोधन के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम ताकाइची से कहा, मुझे बताया गया है कि आपको मोटर बाइक का बहुत शौक है.

### ताकाइची भारत से हुईं रवाना

जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची आज शुक्रवार को नई दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद भारत से रवाना हो गईं. इस यात्रा से दोनों देशों के बीच साझेदारी को साझा लक्ष्यों की ओर बढ़ावा मिला. केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने पीएम ताकाइची को भारत से रवाना होते समय एयरपोर्ट पर विदा किया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक यादगार दौरा खत्म हुआ, जो भारत-जापान साझेदारी को साझा लक्ष्यों की ओर ले जाएगा.

## स्वीडन में रूसी दूतावास पर ड्रोन हमले

**हेलसिंकी, 03 जुलाई.** स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में स्थित रूसी दूतावास पर ड्रोन से हमले किये गये हैं. रूसी दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज तड़के करीब दो बजे दूतावास परिसर पर दो ड्रोन से हमले किये गये। दूतावास ने टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि एक क्वाडकॉप्टर ने दूतावास परिसर के भीतर लाल रंग से भरा एक कंटेनर गिराया, जबकि दूसरा ड्रोन, जिसमें दूतावास के अनुसार एक नकली विस्फोटक उपकरण (डमी आईईडी) लगा था, दूतावास भवन के निकट परिसर के अंदर आ गिरा. दूतावास ने इस घटना को केवल उकसावे की कार्रवाई नहीं, बल्कि अपने कर्मचारियों को डराने-धमकाने की खुला प्रयास बताया. दूतावास के अनुसार इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं.



### शिष्टाचार मुलाकात

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में उनके निवास पर नवभारत भोपाल के संपादक दिलीप झा ने एक शिष्टाचार मुलाकात की.

## 23 विपक्षी दलों ने सीजेआई को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, 03 जुलाई.** कांग्रेस ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के 23 विपक्षी दलों तथा एक निर्दलीय सांसद ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है. कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 28 जून को मुख्य न्यायाधीश को भेजा गया यह पत्र सार्वजनिक किया. पत्र में कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में न्यायपालिका को इस प्रकार पत्र लिखने की आवश्यकता नहीं पड़ती, लेकिन देश का लोकतंत्र गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, इसलिए विपक्ष को यह असाधारण कदम उठाना पड़ा है. इसमें कहा गया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं.

# प. बंगाल में महिषासुरों का होगा नाश


## ■ दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड का गठन ■ हर थाने में महिला सहायता केंद्र स्थापित



**कोलकाता, 03 जुलाई.** बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वायड' गुरुवार को अस्तित्व में आ गया. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय नबान्न में इसकी घोषणा की.

उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है. इसमें 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाई जाएगी. ऐसे मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई होगी. निर्भया से अभया तक की कड़वी घटनाओं से सीख लेते हुए सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी. दुर्गा सुरक्षा स्क्वायड के तहत महिला पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त लगाएंगी. यदि किसी महिला के साथ छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटना होती है तो यह विशेष दल तत्काल कार्रवाई करेगा.

### समाधान ही लोकतंत्र की असली पहचान : बिरला



**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी आदर्श राज्य विधानसभा का मुख्य उद्देश्य सार्थक चर्चा करने और मुद्दों को पहचानने के अलावा, मौजूदा समस्याओं का समाधान खोजना भी होना चाहिए. लोकसभा अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के उद्घाटन के दौरान यह बात कही. उन्होंने कहा कि आम लोगों को विधायक से बहुत उम्मीदें और अपेक्षाएं होती हैं.



# खाई में गिरी बस, 40 मृत

**इस्लामाबाद, 03 जुलाई.** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के शेरानी जिले में एक यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से 40 लोगों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गये.

शेरानी जिले के उपायुक्त हज़रत वली काकर ने शुक्रवार को बताया कि यह हादसा शेरानी के धना सर इलाके में हुआ, जो बलूचिस्तान के शेरानी जिले और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की सीमा के पास है. दोनों जिलों की पुलिस और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और शवों और घायलों खाई से बाहर निकाल कर पास के अस्पतालों में पहुँचाया. बचाव कार्य से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार हादसे में मारे गए लोगों में महिलाएँ और बच्चे भी शामिल हैं.

स्थानीय पुलिस ने शिन्हुआ को बताया कि हादसे के समय बस बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से उत्तर-पश्चिम पेशावर जिले की ओर जा रही थी और पहाड़ी इलाके में एक तीव्र मोड़ पर चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में गिर गयी।

### आज का इतिहास

1914 - बर्दुन का युद्ध समाप्त.
1916- हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री नसीम बानो का जन्म.
1996- रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन पुन- चार वर्ष हेतु राष्ट्रपति निर्वाचित.
1997- अमेरिकी यान सोजर्नर मंगल ग्रह पर पहुँचा.
2001- भारत द्वारा पाकिस्तान के नागरिकों (बंदियों) की रिहाई के निर्देश.
2003- पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हुए हमले में 44 मारे गये.
2005- आस्ट्रेलिया में डाल्फ़िन की एक नई प्रजाति स्नबफिन खोजी गई.
2007- वेबसाइट सेंटिडो कॉमन के मुताबिक मैक्सिको के कॉर्लोस स्लिम दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने.

### शिवराज का तोतापुरी आम मिशन शुरू

# तोतापुरी आम को मिलेगा नया बाजार

**नई दिल्ली, 03 जुलाई.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्र प्रदेश के हालिया दौरे के दौरान तोतापुरी आम उत्पादक किसानों के साथ व्यापक संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया.



किसानों ने अवगत कराया कि प्रसंस्करण के लिए बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली तोतापुरी आम किस्म की कीमतों में हाल के समय में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जिसके कारण राज्य के आम उत्पादक किसानों को गंभीर आर्थिक संकट और असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चौहान ने तत्काल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के माध्यम से वैज्ञानिकों एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि तोतापुरी आम क्षेत्र की पूरी वैल्यू चेन का समग्र अध्ययन कर किसानों को लाभकारी मूल्य और क्षेत्र के दीर्घकालिक, सतत विकास के लिए ठोस समाधान प्रस्तुत किए जा सकें. आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय आदेश में बताया गया है कि आंध्र प्रदेश के दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संज्ञान में आया कि राज्य में प्रसंस्करण हेतु व्यापक रूप से उगाई जाने वाली तोतापुरी आम किस्म की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट हुई है.

**आम किसानों के हित में बड़ा फैसला**

इस दौरान समिति का फोकस निम्न मुख्य बिंदुओं पर रहेगा: तोतापुरी आम की खेती की वर्तमान स्थिति, उत्पादन लागत और किसानों की आय, प्रसंस्करण उद्योगों की क्षमता, उपयोग स्तर और मांग-आपूर्ति का संतुलन, घरेलू बाजार और निर्यात बाजार में कीमतों में गिरावट के वास्तविक कारण, वैल्यू चेन के अलग-अलग स्तरों पर आने वाली चुनौतियाँ और संभावित सुधार उपाय.

### एक नजर में



#### भारतीय युद्धपोत पहुंचे सिंगापुर बंदरगाह

**नई दिल्ली.** भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, कवरत्ती और शक्ति पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल आलोक आनंद के नेतृत्व में पहली जुलाई 2026 को सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डे पर पहुंचे. यह यात्रा भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे सुदृढ़ व घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करती है. साथ ही, यह दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय नौसेना की जारी परिचालन तैनाती का हिस्सा है, जो भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति व 'महासागर दृष्टिकोण के अनुरूप है. यह दौरा 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में भी योगदान देता है.

# 14 दिन की न्यायिक हिरासत में सिया-चेतन

## ■ कोडवर्ड चैट की जांच ■ पुलिस की अतिरिक्त रिमांड अर्जी खारिज

**पुणे 03 जुलाई.** केतन अग्रवाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद शुक्रवार को वडगांव मावल की अदालत में पेश किया गया.




सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ए.एम. विभूते की अदालत ने दोनों आरोपियों को 16 जुलाई तक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अदालत परिसर और आसपास सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे. सुनवाई के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों की तीन दिन की अतिरिक्त पुलिस रिमांड की मांग की. अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि दोनों के मोबाइल फोन से प्राप्त डिजिटल डेटा में कथित तौर पर इशारों और कोड भाषा में बातचीत मिली है.

### दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई

पुलिस का कहना था कि इन संदेशों का अर्थ समझने और उनसे जुड़े तथ्यों की पुष्टि के लिए दोनों आरोपियों से आगे भी हिरासत में पूछताछ आवश्यक है. वहीं, बचाव पक्ष के वकीलों ने अतिरिक्त रिमांड का विरोध करते हुए कहा कि पुलिस को जांच के लिए पहले ही पर्याप्त समय दिया जा चुका है और अब आगे पुलिस हिरासत की आवश्यकता नहीं है. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पुलिस की अतिरिक्त रिमांड की मांग खारिज कर दी और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया. पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान दोनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई है. इसके अलावा मोबाइल चैट, डिजिटल साक्ष्यों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है.

### हस्तियों के ट्वीट



देश के गृहमंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि श्री अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, अडिग धैर्य, संयम और कभी हार न मानने वाली जीवटता का पावन प्रतीक है. आज से इस पवित्र यात्रा का शुभारंभ हो रहा है. बाबा बर्फानी के दर्शन-पूजन हेतु जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ.



महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि हमारे मुंबई ऑफिस में क्यूबेक के इंटरनेशनल रिलेशंस मिनिस्टर, क्रिस्टोफर स्कीट और उनकी टीम के साथ लंच करके बहुत अच्छा लगा। क्लीनटेक और एनर्जी ट्रांज़िशन- 330 से ज़्यादा कंपनियाँ वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट से लेकर एमिशन कम करने तक के सॉल्यूशन डेवलप कर रही हैं.

# दिल्ली में हाईकमान से मिलेंगे चरणजीत चन्नी

## कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर बढ़ा सियासी संग्राम

**चंडीगढ़, 03 जुलाई. पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व और संगठन को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है. पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थकों ने मोरिंडा में आयोजित बैठक के जरिए अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया.**

इस बैठक में कई विधायक, सांसद और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने संगठनात्मक बदलावों पर नाराजगी जाहिर की. चन्नी खेमे का कहना है कि पंजाब में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए ऐसा नेतृत्व जरूरी है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चल सके. समर्थकों का दावा है कि राज्य में दलित समुदाय का बड़ा जनाधार होने के कारण चरणजीत सिंह चन्नी पार्टी के लिए सबसे प्रभावी चेहरा साबित हो सकते हैं.



हाल ही में कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश संगठन और चुनावी तैयारियों को लेकर नई कमेटियों का गठन किया था. हालांकि, इन बदलावों के बाद पार्टी के एक वर्ग में असंतोष बढ़ गया.

चन्नी समर्थकों का मानना है कि उनकी राय को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया. चरणजीत सिंह चन्नी जल्द ही नई दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान से मुलाकात करेंगे. इस दौरान वे संगठनात्मक बदलाव, चुनावी रणनीति और पंजाब में नेतृत्व की भूमिका को लेकर अपनी बात रखेंगे.

# हरियाणा बनेगा विकसित कृषि मॉडल राज्य

## हर कदम पर मदद करेगी सरकार : नायब सैनी

**चंडीगढ़, 03 जुलाई. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विजन-2047 की समीक्षा बैठक में कहा कि हरियाणा को देश का अग्रणी और टिकाऊ कृषि मॉडल राज्य बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा.**

**प्राकृतिक खेती पर हरियाणा सरकार का बड़ा फोकस**

उन्होंने कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन और पशुपालन विभागों की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले पांच वर्षों में अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए. इसके लिए गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं और किसानों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक तथा आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए.

उन्होंने कहा कि कृषि में नई तकनीकों के उपयोग, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देकर उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ लागत कम करने पर भी ध्यान देना होगा. इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र अधिक टिकाऊ बनेगा. बैठक में बागवानी, डेयरी, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों को भी कृषि विकास की मुख्य धारा से जोड़ने पर चर्चा हुई.

### मौसम

**दिल्ली समेत कई राज्यों में बारिश अलर्ट, आधे राजस्थान में बरसा मानसून का कहर**

# देशभर में मानसून ने अब पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली, 03 जुलाई. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मानसून अब देश के अधिकांश हिस्सों में सक्रिय हो चुका है और आने वाले दिनों में इसकी गतिविधियां और तेज होने की संभावना है.**



उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य भारत और पूर्वी राज्यों में अच्छी बारिश का अनुमान जताया गया है. राजस्थान में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है. चित्तौड़गढ़ और बांसवाड़ा में भारी बारिश के कारण कई सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई. जयपुर के प्रसिद्ध एसएमएस अस्पताल परिसर में भी पानी भर गया. वहीं, प्रदेश के प्रमुख बीसलपुर बांध में पानी की आवक शुरू हो गई है, जिससे जल संकट कम होने की उम्मीद बढ़ी है. दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना के चलते मौसम सुहावना हो गया है. मौसम विभाग ने 3 जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. इससे तापमान में गिरावट और लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है. पंजाब के कई इलाकों में तेज बारिश और आंधी का असर देखने को मिला. दो जिलों में भारी वर्षा के दौरान एक पर्यटक बस करीब आठ फीट गहरे पानी में फंस गई. बस में 13 बच्चों सहित 55 श्रद्धालु सवार थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में भी कई स्थानों पर हल्की से भारी बारिश दर्ज की गई है.


## मणिपुर में उग्रवादियों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद

**इंफाल, 03 जुलाई.** मणिपुर में सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार बरामद करते हुए उग्रवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनके चार बंकर नष्ट किए. मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सुरक्षा बलों ने विष्णुपुर जिले में कुम्बी थाना के तहत कुम्बी सगोलपत के पास कुम्बी सेतुपुर की तलहटी से मैगजीन के साथ एक एम-16 राइफल, मैगजीन के साथ एक 9एमएम पिस्तौल, तीन सिंगल-बैरल बंदूकें, एक पॉम्पी, पांच पॉम्पी बम, चार नंबर 36 एचई हैंड ग्रेनेड, 32 कारतूस, तीन इंसास मैगजीन और अन्य सामान बरामद किया.

# सरकार जबर्दस्ती थोप रही 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल

**नई दिल्ली, 03 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोपने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मोदी सरकार के लिए पूरा देश प्रयोगशाला है। केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोप रही है। जबकि एथनॉल से गाड़ियां बंद हो रही हैं, पार्ट्स खराब हो रहे हैं और माइलेज भी 30 प्रतिशत कम आ रहा है। इससे देश भर में लोगों के अंदर जबरदस्त गुस्सा है.

**अरविंद केजरीवाल ने केन्द्र सरकार को घेरा**



आप संयोजक ने एक्स पर वीडियो संदेश में कहा कि 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। 30 जून को केंद्र सरकार ने अटॉर्नी जनरल के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में यह कहा कि यह सिर्फ एक प्रयोग है और इसके परिणामों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी. जब यह खबर अगले दिन मीडिया में आई, तो केंद्र सरकार बिल्कुल मुकर गई।